श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 18.11.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः– यथा पंजी में संधारित

दिनांक 18.11.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यो की निम्न प्रकार समीक्षा की गयी ।

कृषि

(i) वर्षापात/आच्छादनः– जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए फसल स्थिति की जानकारी लिये जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष खरीफ फसलों विशेषकर धान की स्थिति अच्छी रही है जिसकी 57.7 प्रतिशत कटाई हो गई है। रबी फसलों की बुआई भी प्रारंभ हो गई है जिसका आच्छादन निम्न प्रकार है :–

क्र0सं0	फसल का नाम	लक्ष्य हे0	आच्छादन (हे0)	अभ्युक्ति
1	गेहूँ	24000	5100	21.25%
2	मक्का	3000	225	7.5%
3	चना	1000	920	92%
4	मसूर	1500 .	510	34%
5	मटर	500	275	55%
6	अन्य दलहन	500	235	47%
7	राई / सरसों	500	455	91%
8	तीसी	800	545	68.5%
9	सूर्यमुखी	320	20	10%
योग		32000	8285	25.9 %

(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :– उर्वरक की स्थिति की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी मौसम हेतु मुंगेर जिला को यूरिया 7400 डी0ए0पी0, 2500, एन0पी0के0 800, एम0ओ0पी0 1100 एवं एस0एस0पी0 2000 मै0 टन लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरूद्ध 15 नवम्बर 2014 तक यूरिया–1404 डी0ए0पी0–275 एन0पी0के0–00 एम0ओ0पी0–25 एवं एस0एस0पी0–00 मै0 टन प्राप्त हुआ है जिसका भौतिक सत्यापन करते हुए गुणवत्ता जाँच हेतु नमूना लिया जा रहा है और उर्वरक की कोई कमी नहीं है, जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण की जानकारी लिए जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस सप्ताह 02 बिक्रताओं के दुकानों का निरीक्षण हुआ है जहां स्थिति सामान्य पाई गयी है।

(iii) कृषि यांत्रिकरण :– जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों हेतु इस वर्ष ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने का निर्देश है जिसके विरूद्ध अभी तक 1023 आवेदन ऑनलाईन हुआ है। 10000 एवं 10000 रू0 से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु एल0पी0सी0 अनिवार्य किया गया हैं जो बहुत से किसानों के पास नहीं रहने से आवेदन की गति अच्छी नहीं हो पा रही है।नवंम्बर माह का मेला दिनांक 24 एवं 25 को स्थानीय पोलो मैदान मुंगेर में प्रस्तावित है जिसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है।

(iv) मिट्टी जॉच अभियान :– मिट्टी जॉच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभी तक–4098 मिट्टी नमूनों का विश्लेषण हुआ है जिसके स्वायल हेल्थ कार्ड हेतु प्रतिवेदन ऑनलाइन कराने की कार्यवाई की जा रही है।

V) डीजल अनुदान :– डीजल अनुदान की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि ह0 खड़गपुर के अलावा सभी प्रखंडों में कोषगार से निकासी की गई राशि का वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। ह0 खड़गपुर में कोषगार से 17,81,700 रू0 की निकासी की गई है, परंतु अभी तक केवल 6,03,225/– रूपया ही वितरण हो पाया है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा ह0 खड़गपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पृच्छा के साथ डीजल अनुदान की अवशेष राशि को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों से अविलंब प्रत्यार्पित कराते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को हाथो हाथ प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

1. **उद्यान** :– सहायक निदेशक उद्यान के द्वारा बताया गया कि सघन बागवानी योजना 2014–15 के अंतर्गत पपीता का बीज नर्सरी में डाला गया है एवं पौधा तैयार होने पर चयनित कृषकों के बीच वितरण किया जाएगा।
2. **मत्स्य** :– जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया की ह0 खड़गपुर प्रखंड के गावीपुर ग्राम में उपस्थित पौखर की बंदोवस्ती नहीं हो पा रही है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी से बात कर पौखर की समस्या का शीघ्र निदान करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपस्थित लोक स्वास्थ, गंगा पम्प नहर, सहकारिता आत्मा एवं पशुपालन विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

विश्वासभाजन,

जिला कृषि पदाधिकारी,	उपविकास आयुक्त,	जिला पदाधिकारी,
–सह–सदस्य सचिव	–सह– उपाध्यक्ष	–सह– अध्यक्ष
मुंगेर।	मुंगेर।	मुंगेर।

D Drive / Task force - 18-11-2014

ज्ञापांक 1562/कृषि/मुंगेर दिनांक – 26.11.14

प्रतिलिपि:– सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर/तारापुर/ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक : 1562/कृषि/मुंगेर, दिनांक–26.11.14

प्रतिलिपि – आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक 1562/कृषि/मुंगेर, दिनांक–26.11.14

प्रतिलिपि:-निदेशक पी0पी0एम0/कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक 1562/कृषि/मुंगेर, दिनांक– 26.11.14

प्रतिलिपि:- प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।